स्ट्रीट वेंडर्स को महापौर ने दिया विक्रय प्रणाम- पत्र

भिलाईनगर। नेहरू नगर चौक स्थित स्ट्रीट वेंडर्स को विक्रय प्रमाण पत्र महापौर नीरज पाल द्वारा हितग्राहियों को वितरण किया गया प्रमाण पत्र से उन्हें व्यापार में कई तरह के लाभ होंगे। राष्ट्रीय आजीविका मिशन अन्तर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित कर सम्मानपूर्वक व्यवसाय करने स्थान दिया जा रहा है। वेंडिंग जोन में आवंटित गुमटी का विक्रय प्रमाण मिलने से व्यवसायियों ने महापौर एवं निगम प्रशासन का आभार जताया।
राष्ट्रीय शही आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र में जितने भी स्ट्रीट वेंडर है उन्हें चिन्हांकित कर पहचान पत्र जारी किया गया है , इसके अंतर्गत इन्हें व्यवयास को बढ़ावा देने लोन भी प्रदान किया जाता है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित करने का कार्य लगातार जारी है। भिलाई निगम के सभी जोन क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाने स्थल चयनित कर गुमटियां स्थापित की गई है ताकि व्यवसाय व्यवस्थित हो और शहर सुंदर दिखे। वर्तमान में नेहरू नगर चौक एवं पाॅवर हाउस ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन की शुरूआत की जा चुकी है , विजय काम्प्लेक्स एवं वैशालीनगर गौरवपथ किनारे बनाया गया वेंडिंग जोन में गुमटियों का आवंटन कर इसे भी जल्द ही प्रारंभ किया जाना है। वेंडिंग जोन के हितग्राहियों को प्रदान किये गये अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने वेंडरो को जानकारी देते हुए बताया कि विक्रय प्रमाण पत्र उनके व्यवसाय हेतु है किसी भी प्रकार से भूमि या गुमटी का स्वामित्व नहीं है।

इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी,मिशन मैनेजर एकता शर्मा और अमन पाटले, परियोजना सहायक एस. एस रिजवी सहित आजीविका मिशन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।